# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
# विद्युत वितरण मण्डल
# मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लि0
# उन्नाव

Email- se.unnao@mvvnl.org

दिनांकः 06/05/2026

पत्रांक– 1442/विविमंउ /प्रकाशन आदेश/

प्रथम प्रति/द्वितीय प्रति

विज्ञापन व्यवस्थापक
अमर उजाला, लखनऊ
दैनिक जागरण, लखनऊ

महोदय,

कृपया संलग्न निविदा/सूचना अपने प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 12/05/2026 के अंक में केवल एक बार कारपोरेशन आदेश स0 488/रेस्पो/द्वि0प्र0/दिनांक 06.03.2025 द्वारा निर्धारित प्रारूप मापक में उल्लेखित बिन्दु के अनुसार प्रकाशित करें :–

1–समाचार पत्रो में उक्त निविदा प्रकाशन 8 से0मी0 चौड़ाई में प्रकाशित कराये जायेंगे।
2–हिन्दी फान्ट Krutidev 010 एवं फान्ट साइज 10–12–14 (यथा प्रदर्शित) का प्रयोग किया जायेगा।
3–अंग्रेजी फान्ट Times New Roman एवं फान्ट साइज 8–10–12(यथा प्रदर्शित) का प्रयोग किया जायेगा।
4–वि0आ0सं0 एवं दि0 कम से कम फॉन्ट में निविदा सूचना की ही हेडिंग की लाइन में दांयी तरफ प्रकाशित करने की व्यवस्था करें।
5–प्रकाशन Running Matter के स्थान पर उक्त प्रारुपो में यथास्वरुप ही प्रकाशित किया जाये।
6–कॉलम की ऊँचाई content के अनुसार परिवर्तनीय (variable) रहेगी। पंक्तियों के बीच का space कारपोरेशन के पत्र में निहित उदाहरण के अनुरुप रहेगा। इस space को बढ़ाकर विज्ञापन का आकार (hight) अनावश्यक रुप से न बढ़ाया जाये। उपरोक्त निर्देशानुसार ही मैटर निर्धारित स्थान पर प्रकाशित करे:–

**(प्रारूप में एक से अधिक निविदा होने पर निविदा का विवरण आदेश संख्या 488 दिनांक 06.03.2025 के आधार पर ही होगा।**

**प्रारूप**

8 CM

Bold Hindi Font-Kurti Dev 010 Size 12 Eingilsh Font- Times new roman Size 10

Hindi Font-Kurti Dev 010 Size 14 Eingilsh Font-Times new roman Size 12

| मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड<br>अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, उन्नाव | |
|---|---|
| | वि0आ0सं0 1442 दिनांक 06–05–2026 |
| ई–निविदा सूचना : | |
| कार्य का नाम : | धरोहर राशि : रू0 |
| ई–निविदा प्रपत्र शुल्क : | |
| ई–निविदा की अंतिम तिथि : | |
| विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https//etender.up.nic.in पर उपल है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी। | |

Bold Hindi Font-Kurti Dev 010 Size 12 Eingilsh Font-Times new roman Size 10

Bold Hindi Font-Kurti Dev 010 Size 10 Eingilsh Font-Times new roman Size 08 Using Bold & Unbold as shown in spencimen

उपरोक्त के अतिरिक्त निम्नांकित बिन्दुओ का भी अक्षरशः अनुपालन किया जाये:–

7. स्थानीय प्रकृति की सूचनायें जैसे बिजली बन्द करने की सूचना उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचना बिजली बिलों के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथासंभव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
8. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण बाउचर प्रतियां संलग्न करते हुए भुगतान हेतु जनसम्पर्क अधिकारी, को प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव नहीं है।
9. सलंग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जाय। हिन्दी समाचार पत्र के लिए संलग्न अंग्रेजी भाषा सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिए समाचार–पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
10. विज्ञापन प्रकाशित होते ही अगले कार्य दिवस में प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अद्योहस्ताक्षरी को सूचनार्थ आवश्यक भेज दी जाय अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा।
11. यदि आपको सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हों तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अद्योहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें। जो संस्करण पावर कारपोरेशन द्वारा मान्यता प्राप्त न हों उसमें प्रकाशन न करें।
12. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नकः– निविदा आदेश।

भवदीय
(अमिय कुमार सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांकः– 1442 /विविमंउ/विज्ञापन/तद

दिनांक 06–05–2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मुख्य अभियन्ता (रा0क्षे0),म0वि0वि0नि0लि0, 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, त्रिकुला परिसर, माइको भवन निकट रतापुर चौराहा, रायबरेली।
2. जनसम्पर्क अधिकारी, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, 4ए, गोखले मार्ग, लखनऊ।
3. सूचनापटल।

(अमिय कुमार सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता

## मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लि0
### अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, उन्नाव

**ई0–निविदा सूचना :** **वि0आ0सं0 1442 दिनांक 06.05.2026**

**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 03/विविमंउ/2026–27 विद्युत वितरण खण्ड–पी0डी0 नगर, उन्नाव के उपखण्ड प्रथम एवं तृतीय के अन्तर्गत पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत विद्युत लाइन का निर्माण कर संयोजन प्रदान करने का कार्य। ई–निविदा प्रपत्र शुल्कः रू0 3540.00 धरोहर धनराशिः रू0 25,000.00
2. 04/विविमंउ/2026–27 विद्युत वितरण खण्ड–मगरवारा, उन्नाव के अन्तर्गत पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत विद्युत लाइन का निर्माण कर संयोजन प्रदान करने का कार्य। ई–निविदा प्रपत्र शुल्कः रू0 3540.00 धरोहर धनराशिः रू0 25,190.00
3. 05/विविमंउ/2026–27 विद्युत वितरण खण्ड–पुरवा, उन्नाव के अन्तर्गत पूर्ण जमा योजना में लोक निर्माण विभाग, उन्नाव द्वारा विद्युत लाइन का निमार्ण/ शिफिटिंग का कार्य। ई–निविदा प्रपत्र शुल्कः रू0 1180.00 धरोहर धनराशिः रू0 3020.00

ई–निविदा की अंतिम तिथि 28.05.2026 17:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

Signature Not Verified
Digitally signed by SAURABH SAHU
Date: 2026.05.16 14:29:19 IST
Location: Uttar Pradesh-UP